भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1735
दिनांक 03 अगस्त, 2026

तेलंगाना राज्य में प्राकृतिक गैस आपूर्ति के लिए अवसंरचना

1735 **श्री अनिल कुमार यादव मंदादीः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पूरे तेलंगाना राज्य में ऊर्जा या फीडस्टॉक के स्रोत के रूप में गैस की आपूर्ति के लिए अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए कोई उपाए प्रारंभ किए हैं या कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तेलंगाना राज्य के सभी प्रमुख शहरों और कस्बों में पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस आपूर्ति शुरू करने के लिए कोई समय-सीमा तय की है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ड.) प्राकृतिक गैस की आपूर्ति, प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के नेटवर्क और नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के माध्यम से की जाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी), पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के अनुसार गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण करने, प्रचालित अथवा विस्तार करने हेतु कंपनियों को प्राधिकार प्रदान करने का अधिकार रखता है। तेलंगाना राज्य से होकर दो प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें गुजरती हैं। ये काकीनाडा-हैदराबाद-उरण-अहमदाबाद (पूर्व पश्चिम पाइपलाइन) और मल्लावरम-भोपाल-भीलवाड़ा-विजयपुर पाइपलाइनें हैं । तेलंगाना राज्य में इन पाइपलाइनों की प्रचालन लंबाई क्रमशः लगभग 301 किमी और 298 किमी है।

पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना, संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना और पाइपलाइन संबंधित अवसंरचना को बिछाना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है और यह पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है।

तेलंगाना राज्य में, पीएनजीआरबी ने पूरे तेलंगाना राज्य को शामिल करते हुए 9 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) (1 जीए तेलंगाना और कर्नाटक में फैला हुआ) को प्राधिकृत किया है। सीजीडी अवसंरचना का कार्यान्वयन पीएनजीआरबी द्वारा प्रदत्त प्राधिकार और अनुमोदित परियोजना संबंधित कार्य योजना के अनुसार प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है। दिनांक 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार तेलंगाना राज्य में सीजीडी नेटवर्क की जीए-वार प्रगति अनुलग्नक-I में दी गई है।

*****

अनुलग्नक- I

'तेलंगाना राज्य में प्राकृतिक गैस आपूर्ति के लिए अवसंरचना' के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1735 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्रम सं.	यूनिक जीए आईडी	भौगोलिक क्षेत्र/सीजीडी नेटवर्क	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	प्राधिकृत सीजीडी कंपनी	प्राधिकार की तारीख	पीएनजी कुल	सीएनजी स्टेशन	पाइपलाइन अवसंरचना -इंच किमी
						मई (संचयी)	सीएनजी (मई)	कुल (मई)
1.	9.68	भद्राद्रि कोठागुडेम और खम्मन जिले	तेलंगाना	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	20-सितंबर-18	2144	13	583
2.	9.69	जगतियाल , पेद्दापल्ली , करीमनगर और राजन्ना सिरसिला जिले	तेलंगाना	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	12-Sep-2018 (प्रारंभ होने की नई तारीख 01-जनवरी-2020)	818	9	392
3.	9.70	जनगांव , जयशंकर भूपलपल्ली , महबूबाबाद , वारंगल शहरी और वारंगल ग्रामीण जिले	तेलंगाना	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	24-सितंबर-18	4527	11	457
4.	9.71	मेडक , सिद्दिपेट और संगारेड्डी जिले	तेलंगाना	टोरेंट गैस लिमिटेड	13-सितंबर-18	2864	21	2236
5.	9.72	मेडचल-मलकाजगिरी , रंगारेड्डी और विकाराबाद जिले	तेलंगाना	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	14-नवंबर-18	6522	30	2247
6.	9.73	नलगोंडा सूर्यपेट और यादाद्री भुवनागिरी जिले	तेलंगाना	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	13-सितंबर-18	6251	23	1255
7.	11.54	निज़ामाबाद , आदिलाबाद , निर्मल , मंचेरियल कुमुराम भीम आसिफाबाद और कामारेड्डी जिले	तेलंगाना	महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड	15-03-2022 (प्रारंभ होने की नई तारीख 01.10.2024)	0	29	890
8.	11.55	जोगुलम्बा गडवाल , नागरकुरनूल , महबूबनगर , नारायणपेट , वानापर्थी और यादगीर जिले	तेलंगाना और कर्नाटक	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	15-मार्च-22	143	14	782
9.	99.09	हैदराबाद	तेलंगाना	भाग्यनगर गैस लिमिटेड	09-अक्टूबर-09	241432	98	3468
पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत कुल-सीजीडी नेटवर्क।						**264701**	**248**	**12310**

(स्रोत-पीएनजीआरबी)

*****